
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# बंजर पड़े खेतों को पार्क जैसी खुबसूरती देकर की अनुठी पहल

पहल

## युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने का प्रयास

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ मुख्यालय से बारह किमी दूरी पर कुमैयया चौड़ गांव की बंजर पडी जमीन को पार्क जैसी खुबसुरती देने वाले युवा व्यपारी दीपक भट्ट के प्रयासों के आगे जनपद के स्थानीय लोग कायल हो चुके है। बता दें कि इस युवा व्यापारी ने कुमैयया चौड के बंजर पड़े जमीन में सर्वप्रथम जैविक सब्जी के उत्पादन का काम शुरू किया। अपने साथ ही इस इलाके के खेतों को वर्तमान में पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने के साथ ही इसे संवारने को आगे आये।

वही वर्तमान में इलाके के बारह लोगों को अपने साथ जोड़ते हुए उन्हें रोजगार के काबिल खड़ा करने का प्रयास कर रहे है। कोरोना काल के दौरान युवा व्यापारी ने पहाड़ में पर्यटन की स्थिति का सर्वे कर अपने व्यक्तिगत प्रयासों से यहां पर बंजर पड़े खेतों को पार्क जैसी खुबसूरती देकर अनुठी पहल की है।

जानकारी के मुताबिक कुम्डार गांव निवासी दीपक भट्ट पिथौरागढ़ के जीआईसी रोड में कपड़े की दुकान का करोबार चला रहे है। कोरोना काल से लेकर अबतक कपड़े के दुकान में रोजगार की स्थिति ना के बराबर होने लगी ऐसे में दीपक ने कुमैयया चौड़ में पर्यटन की स्थिति को मजबूती देने के लिए एक अनूंठी पहल शुरू की। चंडिका मंदिर परिसर के पास बने इस पर्यटन स्थल से हिमालय का अनुठी छटा अपने आप में देखते ही बनती है। यहां से पंचाचूली व नंदा देवीकी चोटियां भी दिखाई देती है। दीपक ने यहां पर यहां पर आने वाले लोगों के लिए पर्यटन की अपार संभावनाएं देखते हुए दो स्वीमिंग पूल व हट बनाये है। साथ ही दो सेल्फी प्वाइंट भी बनाये है।

वही इस पर्यटन स्थल में आने वाले लोगों को यह स्थल काफी पंसद भी आने लगा है। दीपक का कहना है कि यहां पर पर्यटन की अपार संभावनायें लगती है। यहां पर आने वाले पर्यटकों को उनके द्वारा भविष्य में और भी बंहतर सेंवायें देने के प्रयास किये जायेंगे। दीपक के प्रयासों से जहां हर किसी के पर्यटन कारोबार को वृद्वि की उम्मीद बढ़ेगी वही इलाके के लोगों को रोजगार देकर दीपक ने पलायन पर रोक लगने के आसार ज्यादा बढ़ेंगे।

## न्यूज डायरी

### वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन लगातार समाज हित में कर रहा है कार्य

**संवाददाता** देहरादून। वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलीजन एंड नॉलेज (वर्क) के कार्यकर्ताओं ने रमजान के मुबारक महीने और नवरात्रों के अवसर पर टर्नर रोड देहरादून में सभी आमजन सभी लोगों को केले वितरण करने का कार्य किया। वर्क ट्रस्ट के दानिश अफजल ने बताया कि कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने काफी सराहा और ट्रस्ट का धन्यवाद दिया और ऐसे काम देश के लोग करते रहे इससे हिन्दू,मुस्लिम,सिख,ईसाई भाई चारा बढ़ता है ऐसी सलाह के साथ एक दूसरे के त्योहार रमजान व नवरात्रों पर खुशी जाहिर करते हुए मुबारकबाद दी। आरिफ वारसी ने कहा वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन इस प्रकार के कार्य लगातार समाज हित और देश हित में कर रहा है जिससे लोगों में एकता भाईचारा प्रेम बड़े और लोगों को उनके काम की चीज मिल सके लोगों को फायदा पहुंचे और इसमें सभी आमजन का पूर्ण सहयोग और प्रेम प्राप्त हो रहा है।

### डीआईटी यूनिवर्सिटी ने ऑनलाइन मंच पर आयोजित की राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता

**संवाददाता** देहरादून। डिबेटिंग सोसाइटी , डीआईटी यूनिवर्सिटी देहरादून ने देश भर के छात्रों के लिए संयुक्त राष्ट्र अभी भी एक पावर हाउस या सिर्फ एक मुखौटा विषय पर "नवीन अग्रवाल मेमोरियल राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता ऑनलाइन मंच पर आयोजित की । कुल मिलाकर, देश भर के 29 प्रतिष्ठित कॉलेजों ६ विश्वविद्यालयों के 58 छात्रों ने वाद–विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया, इस विषय के समर्थन और विरोध में अपने महत्वपूर्ण और तार्किक सोच कौशल का प्रदर्शन किया। वाद–विवाद प्रतियोगिता की व्यवहार्यता, प्रस्तुति कौशल, आत्मविश्वास और विषय वितरण सभी का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर, प्रो. प्रियदर्शन पात्रा, प्रो वाइस चांसलर, और प्रो. मानिक कुमार, निदेशक, स्टीम ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### होमस्टे लिस्टिंग में प्लेटफॉर्म पर प्री–कोविड स्तरों की तुलना में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप अपने प्लेटफॉर्म पर देश भर से होमस्टे लाने पर तेजी से ध्यान केंद्रित कर रही है ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने प्री–कोविड स्तरों पर टियर 2 और अनछुए नए गंतव्यों से होमस्टे लिस्टिंग में 70 प्रतिशत की वृद्धि देखी है जेबी कर्जत औली और मालवन जैसे शहर ऐसे शीर्ष नए गंतव्यों में उभरे हैं जो मेकमाईट्रिप पर होमस्टे लिस्टिंग में लगातार वृद्धि देख रहे हैं। बी ए होस्ट के रूप में जाना जाने वाला इन–ऐप फीचर मेजबानों को कुछ ही क्लिक में अपने होमस्टे को सूचीबद्ध करने की अनुमति देता है।

## भ्रष्टाचार को लेकर अकॉउंटेन्ट पर फूटा ठेकेदारों का गुस्सा

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला के ठेकेदार संगठन का एक विभागीय लेखाकार के भ्रष्टाचार को लेकर आक्रोश बढ़ते हुए इतना पँहुच गया कि मंगलबार को ठेकेदार संगठन के लोगों ने आक्रोशित होकर लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता का घेराव कर लेखाकार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।आक्रोशित ठेकेदार संगठन ने लोकनिर्माण विभाग के लेखाकार पर आरोप लगाया कि लेखाकार ठेकेदारों से भुगतान करने को लेकर अनावश्यक कमीशन की मांग कर महीनों तक परेसान करता है जिसके लिए कई बार अधिशासी अभियंता को भी अवगत करवाया गया लेकिन फिर भी लेखाकार की कार्यशैली में कोई सुधार नही हुवा।

घेराव करते हुए ठेकेदारों ने कहा कि यह अनावश्यक तरीके से ठेकेदारों के निर्माण कार्य के उपरांत भुगतान को लेकर हमेशा परेसान करता है। पिछले कुछ सप्ताह पूर्व ठेकेदारों ने अधिशासी अभियंता को आंदोलन की चेतावनी देते हुए इसकी शिकायत भी की लेकिन लेखाकार के व्यवहार में कोई बदलाव नही हुवा। ठेकेदार संगठन ने अवगत करवाया कि अधिशासी अभियंता को घेराव के माध्यम से लेखाकार के खिलाफ जल्द कार्यवाही करने की मांग की गई है साथ ही चेतावनी दी गयी हैं कि कार्यवाही न होने पर ठेकेदार संगठन कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगा। दूसरी ओर अधिशासी अभियंता दीपक कुमार ने कहा है कि लेखाकार के खिलाफ ठेकेदार संगठन के कमीशनखोरी के आरोपों की जांच को लेकर जल्द कार्यवाही की जाएगी।



## सीएम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की।

## 6 महीने में ही सड़क में बिछा डामर उखड़ने से सड़क हुई खस्ताहाल

### सड़क हुई गड्ढों में तब्दील,आवाजाही हो रही है जोखिम भरी

**संवाददाता** पुरोला। विकासखण्ड पुरोला के कमल नदी किनारे जाने वाली पुरोला–पोरा, नवोदय मोटर मार्ग की खस्ता हालत राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। सड़क बने वर्षभर भी नही हुवा कि सड़क में जगह जगह बने स्क्रबर के लेंटर में टूट कर गड्ढे जोखिम भरे हो गए हैं इसी के साथ साथ कई मीटर तक दर्जनों जगहों पर उखड़ा पड़ा डामर विभागीय लापरवाही व ठेकेदारों की कार्यप्रणाली एवं गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा करता है। मामला कमल नदी किनारे पुरोला से पोरा होते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिरी को जाने वाली सड़क का है जो 6 माह पूर्व बनकर तैयार हुई लेकिन सड़क की दुर्दशा इस कदर है कि बिछा हुवा डामर कई मीटर जगह जगह पर उखड़ने से खस्ता हाल में है इतना ही नही सड़क पर बने स्कपर के ऊपर डाले गए लेंटर में गड्ढे पड़ने व लेंटर झुक जाने से वाहनों की आवाजाही जंहा एक ओर जोखिम भरा है वंही दुर्घटनाओं का अंदेशा होने की भी सम्भावना बढ़ते दिख रही है। मोटर मार्ग का निर्माण पुरोला से पोरा तक लगभग 4 किमी पीएमजीएसवाई ने वर्ष 2020–21 में किया जबकि डैरिका से नवोदय विद्यालय तक सड़क पहले से ही बनी थी जिसमे डामरीकरण व मरम्मत कार्य पिछले कुछ माह पूर्व ही करवाया गया था। ग्रामीण राजपाल पंवार,त्रिलोक सिंह,सहित नवोदय विद्यालय में आने जाने वाले अभिभावकों ने विभागीय लापरवाही व ठेकेदारों की निम्न गुणवत्ता निर्माण का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क बने एक वर्ष भी पूरा नही हुवा और अभी से ही यह खस्ता हाल हो गया है उन्होंने कहा कि आवाजाही बहुत जोखिम भरा हो गया है अगर ठीक नही किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। सहायक अभियंता पीएमजीएसवाई योगेंद्र कुमार ने बताया कि पुरोला से पोरा मोटर पुल तक सड़क निर्माण पहले लोकनिर्माण विभाग ने करवाया जो बाद में हमे ट्रांसफर किया गया। सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर जंहा भी कमी रही होगी उन स्थानों में मरम्मत कार्य करवाया जाएगा।

## छोटे उद्यमियों को दी जाएगी आर्थिक मदद

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जन विकास सहकारी समिति ने अपने दूसरे स्थापना दिवस पर स्वरोजगार के लिए छोटे–छोटे स्टार्टअप करने वाले युवक–युवतियों और उद्यमियों को आर्थिक मदद देने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र के विकास और समृद्धि को सभी से आगे आने की अपील की। मंगलवार को स्थापना दिवस पर उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के महासचिव जगदीश भट्ट ने कहा कि समिति के पास कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से उत्तराखंड को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे ले जा सकते हैं। कई ऐसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क हैं, जिनके माध्यम से हम उत्तराखंड के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता और स्वरोजगार से संबंधित किसी के मन में कोई सुझाव हो तो उसे भी समिति के लोगों से साझा कर सकते हैं। भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड में स्टार्टअप एवं उद्यमियों को मदद करने के लिए द फेडरेशन आफ उत्तराखंड एंटरप्रेन्योर का भी गठन किया है। जिसके माध्यम से प्रदेश में छोटे–छोटे स्टार्टअप और उद्यमियों को आर्थिक रूप से मदद करेगी।